**प्रेस विज्ञप्ति**

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय**

**नई दिल्ली**

- **श्री संतोष कुमार गंगवार ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 66वें स्थापना दिवस समारोह का नई दिल्ली में शुभारंभ किया।**
- **दावा जमा करने की प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 117 जिला कार्यालयों को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.ओ.) का 66वां स्थापना दिवस 01 नवम्बर, 2018 को मनाया गया। यह दिन, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत पहली सामाजिक सुरक्षा योजना 01 नवम्बर, 1952 को शुरू होने के महत्वपूर्ण दिन को दर्शाता है।

प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार गंगवार, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने नागरिक और सरकार के बीच संपर्क में ई-गवर्नेंस को शामिल करने के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर मंत्री महोदय ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 117 जिला कार्यालयों को डिजिटल रूप से जोड़कर "दावा प्राप्ति प्रविष्टि" की सुविधा का भी शुभारंभ किया। इसकी सहायता से सदस्यों को दावा जमा करने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही, वे अपने दावे की प्रगति को ऑनलाइन भी देख पाएंगे। मंत्री महोदय ने प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पी.एम.आर.पी.वाई) को सफल बनाने के लिए भी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को बधाई दी। पी.एम.आर.पी.वाई के अंतर्गत पंजीकरण के आंकड़े 01 करोड़ की संख्या को पार कर चुके हैं, जिसके कारण सामाजिक सुरक्षा के कवर में और अधिक व्यवसाय शामिल हो गए हैं। मंत्री महोदय ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा अपने स्टेक होल्डरों की शिकायतों के निपटान के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की तथा तथा इन प्रयासों को लगातार जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

श्री हीरालाल सामरिया, सचिव, श्रम एवं रोजगार, भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथि ने उन सभी अधिकारियों को बधाई दी जिन्होंने इनोवेटिव एवं बेस्ट प्रैक्टिसिज़ के माध्यम से सेवा वितरण में उल्लेखनीय सुधार किया। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रयासों से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में सुधार आया है तथा इससे कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के बीच संपर्क आसान हो गया है।

श्री सुनील बड़थ्वाल, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त महोदय ने पिछले एक वर्ष के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की पहल और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन सामाजिक सुरक्षा की पहुंच और गुणवत्ता के विस्तार की दिशा में कार्य करने के लिए वचनबद्ध है। जिला कार्यालयों को डिजिटल आधार पर जोड़ने और अंतर्राष्ट्रीय कामगारों की ऑनलाइन रिटर्न की सुविधा जिसका शुभारंभ आज किया गया है और भी सुविधाजनक होगी। उन्होंने आगे बताया कि ऑनलाइन दावे की सुविधा का कर्मचारियों ने खुले दिल से स्वागत किया है और एक वर्ष के भीतर ही ऑनलाइन दावा जमा करना जो पहले 5% से भी कम था, अब बढ़कर 50% से भी अधिक हो गया है और जल्द ही यह लगभभग 100% तक हो जाएगा ।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अपनी 66 वर्ष की यात्रा के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा में आज सरकार का मजबूत स्तंभ है। कुछ लाख लाभार्थियों के साथ अपनी यात्रा की शुरूआत कर, यह अब 4.5 करोड़ से अधिक, अंशदान करने वाले कामगारों की लगभग 6 लाख अंशदान करने वाली स्थापनाओं को सेवा प्रदान कर रहा है। 63 लाख पेंशनभोक्ताओं के साथ, विलिस टावर्स वॉटसन रिपोर्ट 2017 के अनुसार यह विश्व की 21वीं सबसे बड़ी पेंशन निधि है।

यूनिवर्सल खाता संख्या के द्वारा स्थापनाओं की ऑनलाइन कवरेज, शिकायतों का ऑनलाइन निपटान और दावो के ऑनलाइन जमा करने की हाल की ई-गवर्नेंस की पहल ने सार्वजनिक सेवा वितरण में एक बड़ा विश्वास उत्पन्न किया है। यह ध्यान देने योग्य है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में 50% से अधिक दावे ऑनलाइन माध्यम से किए जाते हैं, जो इसके लागू होने के केवल एक वर्ष के भीतर ही व्यापक स्वीकृति का संकेत है। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक प्रभार में कटौती से नियोक्ताओं के लिए अनुपालन की लागत कम हुई है और देश में "व्यापार की सुगमता" में सुधार आया है।

समारोह में 17 श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यालयों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला कार्यालय सम्मिलित थे।

इस वर्ष पुरस्कारों की संख्या 09 से बढ़ाकर 17 की गई है जिसमें 3 पुरस्कार ''इनोवेटिव एंड बेस्ट प्रेक्टिसिज़'' तथा ''बेस्ट परफोर्मेंस इन के.वाई.सी. सीडिंग'', पी.एम.आर.पी.वाई. एनरोलमेंट तथा ऑनलाईन दावा निपटान प्रत्येक श्रेणी में एक-एक पुरस्कार सम्मिलित है। इस वर्ष पूर्वोत्तर क्षेत्र में उत्कृष्ट निष्पादन वाले कार्यालय को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय पहचान रखने

वाले उत्कृष्ट प्रतिभा वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्टता के लिए भी एक कर्मचारी को पुरस्कृत किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय जिन्हें पुरस्कृत किया गया हैं वे हैं- नोएडा, तांबरम, पटना, भरूच, जोनल कार्यालय (चेन्नै एवं पुदुचेरी), जिला कार्यालय तिरूपुर, हल्द्वानी, गुरूग्राम, दुर्गापुर, उडुपी, अगरतला।

उत्कृष्ट निष्पादन करने वाली सूचना तकनीक टीम, पोर्टफोलियो प्रबंधक, ए.डी.एस.-एम.आई.एस. टीम सिकंदाराबाद, यू.टी.आई. ए.एम.सी. लिमिटेड एवं मैसर्स मेहर सीमेंट कर्मचारी भविष्य निधि न्यास नामक छूट प्राप्त न्यासों को भी पुरस्कृत किया गया।

**PRESS RELEASE**

EPFO, Head Office, New Delhi

- **Shri Santosh Kumar Gangwar inaugurated 66th foundation day celebrations of EPFO in New Delhi**
- **117 District Offices of EPFO to be digitally connected to facilitate more convenience of claim submission.**

66th foundation day of Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) was celebrated on 1st November 2018. The day marked the milestone of roll out of the Employees' Provident Fund Scheme on 1st November 1952 - the first social security scheme under the EPF Act.

Speaking on the occasion at Pravasi Bharatiya Kendra, New Delhi, the Chief Guest Shri Santosh Kumar Gangwar, Minister of State (Independent Charge) for Labour & Employment, Government of India appreciated the efforts of EPFO in pushing e-governance culture in citizen-Government interactions.

On the occasion the Minister also inaugurated that facility of "Claim Receipt Entry" at 117 District Offices of EPFO by integrating them digitally. It will help members to cut down upon long distance travels for claim submission. It will further help in checking the progress online. The Minister also congratulated EPFO in making Pradhan Mantri Rojgar Protsahan Yojana (PMRPY) a huge success. The registrations under PMRPY has crossed the 1 crore mark, thereby aiding the businesses in extending the umbrella of social security. The minister also appreciated the efforts of EPFO in handling the grievances of its stake holders and desired that efforts in this regard should continue.

Shri Heeralal Samariya, Secretary, Labour & Employment, Govt. of India and the Guest of Honour congratulated the officers who lead innovative and best practices improving service delivery tremendously. He further added that the efforts of EPFO has lead the country in improving the ranking on ease of doing business as it has simplified its interface both with employees and employers.

Shri Sunil Barthwal, Central Provident Fund Commissioner highlighted the initiatives and achievements of EPFO during the last one year. He said that EPFO is committed to work towards extending the reach and quality of Social Security. Digital Connectivity of district offices and facility of online returns of International Workers launched today promises further conveniences. He added that facility of online claim is widely welcomed by the employees and within one year the submission of online claim has increased from less than 5% to more than 50% and soon it will reach to almost 100 percent.

EPFO through its journey of 66 years today is a reliable arm of the Government in social security. Beginning its journey with a few lakh beneficiaries, it now services more than 4.5 crore contributing work force, engaged in around 6 lakh contributing establishments. With 63 lakh pensioners, it is the 21st largest pension fund globally as per Willis Towers Watson report 2017.

Recent e governance initiatives of online coverage of establishments, online grievance redressal and online filing of claims backed by Universal Account Number have generated a huge trust in public service delivery. It is noteworthy that more than 50% claims in EPFO are preferred through online mode, indicating wide acceptance in just one year of its roll out. Additionally, the reduction in administrative charges has reduced the cost of compliance to Employers and improved the "ease of doing business" climate in the country.

The function also marked distribution of awards to best performing EPFO offices in 17 categories which included best performing Zonal Office, Regional Offices and District Offices.

This year, the number of awards has been increased from 9 to 17 by including 3 awards for innovative and best practices and one award each for best performance in KYC seeding, PMRPY enrolment and online claim settlement. A special award was also given to the best performing office in North Eastern Regional this year. To encourage the sports persons of outstanding ability with international recognition, an award to one of the employee for excellence in International Sports was also given.

The best performing offices which were awarded are Noida, Tambaram, Patna, Bharuch, Zonal Office (Chennai & Puducherry), District Office Tirupur, Haldwani, Gurugram, Durgapur, Udupi, Agartala.

The best performing IT team, Portfolio Manager, Exempted trust namely ADC-MIS Team Secunderabad, UTI AMC Ltd and M/s Maihar Cement Employees' Provident Fund Trust respectively were also awarded.


01 नवंबर, 201
मुख्य
श्री संतोष
मा० राज
श्रम एवं रोजगार



चारी भविष्य निधि संगठन
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
थापना दिवस समारोह
01 नवंबर, 2018, नई दिल्ली
मुख्य अतिथि
श्री संतोष कुमार गंगवार
मा० राज्य मंत्री
श्रम एवं रोजगार (स्वतंत्र प्रभार)
सत्यमेव जयते
.नि.सं. के 66 वर्ष
66 Years of EPFO
Employees' Provident Fund Organisation
(Ministry of Labour & Employment, Government of India)
Foundation Day Celebrations
1st November, 2018, New Delhi
Chief Guest
Shri Santosh Kumar Gangwar
Hon'ble Minister of State
for Labour and Employment (Independent Charge)
SIBANI SWAIN
SUNIL BARTHWAL


VIP
(RESERVED)
VIP
(RESERVED)
MEDIA/
PRESS
RESERVED
RESERVED


कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
स्थापना दिवस समारोह
01 नवंबर, 2018, नई दिल्ली
मुख्य अतिथि
सत्यमेव जयते
Employees' Provident Fund Organis
(Ministry of Labour & Employment, Government o
Foundation Day Celebrat
1st November, 2018, New D
Chief Guest
ntosh Kumar Gan
on'ble Minister of State
Employment (Independen
BANI SWAIN
HEERALAL SAMARIYA
SANTOSH KUMAR GANGWAR
SUNIL BARTHWAL